देवनागरी के कम्प्यूटरों, टेलेक्स और टेलीप्रिन्टरों का निर्माण

*350. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में देवनागरी लिपि के कम्प्यूटरों, टैलेक्स और टेलीप्रिन्टरों के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि बहुत से विभाग राजभाषा अधिनियम की परवाह न करते हुए इनका आयात करके अथवा निर्माण करके केवल रोमन लिपि की मशीनों को ही लगा रहे हैं ; यदि हां, तो उसके कारण क्या है ; और

(ग) देश में वे मशीनें देवनागरी भाषा में पर्याप्त संख्या में कब तक उपलब्ध होंगी ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) देवनागरी लिपि में इनपुट/आउटपुट की क्षमता से युक्त कम्प्यूटरों का विनिर्माण देश में किया जाता है । मैसर्स हिन्दुस्तान टेलीप्रिन्टर्स लिमिटेड (एच०टी०एल०), मद्रास द्वारा देवनागरी लिपि के विद्युत यांत्रिकीय (इलेक्ट्रोमेकेनिकल) दूरमुद्रकों (टेलीप्रिटर्स) का उत्पादन किया जा रहा है । मैसर्स हिन्दुस्तान टेलीप्रिन्टर्स लिमिटेड ने रोमन तथा देवनागरी लिपि के द्विभाषी इलेक्ट्रॉनिक दूरमुद्रकों (टेलीप्रिटर्स) का भी विकास कर लिया है तथा वर्ष 1987 के अन्त तक इनका उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है ।

(ख) और (ग) देश में देवनागरी में इनपुट/आउटपुट की क्षमता से अंकित कम्प्यूटर उपलब्ध हैं । देश में की-टॉप तथा सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध हैं। देवनागरी में कम्प्यूटरों का प्रचालन करने के लिए रोमन लिपि पर आधारित कुंजी पटलों पर इन कुंजी-शीर्षों (की-टॉप्स) तथा सॉफ्टवेयरों को प्रतिस्थापित किया जा सकता है । विभाग अब धीरे-धीरे ऐसी द्विभाषी मशीनों का प्रयोग करने लगे हैं । बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए स्वदेश में ही इनके विनिर्माण की क्षमता मौजूद है ।

अब तक मैसर्स हिन्दुस्तान टेलीप्रिन्टर्स लिमिटेड ने दूरसंचार विभाग को 4653 वैद्युत-यांत्रिकीय (इलेक्ट्रोमेकेनिक्स) देवनागरी दूरमुद्रकों (टेलीप्रिटरों) की आपूर्ति की है। सरकारी कार्यालयों में द्विभाषी इलैक्ट्रॉनिक दूरमुद्रकों (टेलीप्रिटरों) का प्रयोग करने के लिए सरकार ने निर्देश जारी किए हैं तथा मशीनों के उपलब्ध होने पर, विभाग इन निर्देशों का अनुपालन करने की दृष्टि से आवश्यक कदम उठा रही है ।

मैसर्स हिन्दुस्तान टेलीप्रिटर्स लिमिटेड द्वारा देवनागरी लिपि के वैद्युत-यांत्रिकीय दूर मुद्रकों का उत्पादन किया जा रहा है। मैसर्स हिन्दुस्तान टेलीप्रिटर्स द्वारा देवनागरी लिपि के इलेक्टॉनिक दूरमुद्रकों का उत्पादन शुरू किए जाने की संभावना है।

Survey forordnance factory in Sagar District

♦351. SHRIMATI RATAN KUMARI: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether the survey for the setting up of an ordnance factory under the Bharat Earth Movers Ltd in Sagar District of Madhya Pradesh has been completed; and

(b) if not. in what respects the survey is stiill to be carried out?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI K. C. PANT): *(a)* and (b) Site Selection Committee constituted by the Government to recommend a suitable site for location of an ordnance factory under the Ordnance Factory Board, has surveyed the sites including Sagar in Madhya Pradesh offered by the State Governments. However, there is no propose) t" set -up any ordnance factory, undsr Bharat Earth Movers Ltd.